हम कर सकते हैं (प्रश्नोत्तर)

कक्षा - आठवीं

विषय – हिंदी

पाठ : १

पाठ का नाम : हम कर सकते हैं

PPT-7

Website: www.odmegroup.org
Email: info@odmps.org
Toll Free: 1800 120 2316
Sishu Vihar, Infocity Road, Patia, Bhubaneswar- 751024

३. जोड़कर लिखिए –

उत्तर = (क) हरदम चींटी	(v) चलती रहती
(ख) मछली दिनभर	(iii) दौड़ लगाती
(ग) आज का काम	(i) आज करो तुम
(घ) हिलमिल कर सब	(ii) बढ़ते रहना
(ङ) सुबह - सवेरे	(iv) बिस्तर छोड़ो

४. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

(क) कौन - कौन काम में निरत रहते हैं?

उत्तर = चींटी और मछली काम में निरत रहते हैं।

(ख) आज का काम आज ही क्यों करना चाहिए ?

उत्तर = आज का काम आज ही करना चाहिए क्योंकि ये अवसर फिर मिले न मिले अर्थात समय कभी लौटकर नहीं आता ।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

(ग) मीठे बोल से क्या क्या हो सकता है?

उत्तर = मीठे बोल से मुश्किल काम को आसान बना सकते हैं और अपने साथ – साथ दूसरों को भी खुशी दे सकते हैं।

५. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार पूर्वक लिखिए –

(क)" हम कर सकते हैं" - भाव रखने से क्या लाभ है?

उत्तर = " हम कर सकते हैं " - भाव रखने से हमें अपने समस्त कार्यों में सफलता मिलती है क्योंकि हम कर सकते हैं भाव रखने वाले व्यक्ति का मन विपत्तियों को देखकर जल्दी हार नहीं मानता । वह सदा कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी प्रयत्नशील रहता है क्योंकि संसार में कभी दुःख और कभी सुख , कभी लाभ और कभी हानि वाली प्रवृत्तियाँ आती - जाती रहती है । ' हम कर सकते हैं ' वाले व्यक्ति इन विपत्तियों से घबराते नहीं और अपने मन को हारने नहीं देते तथा अपना मनोबल बनाए रखते हैं । यही दृढ़ बनोबल ही उन्हें हिम्मत और हौसला प्रदान करते हैं।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

(ख) कविता का मूल भाव लिखिए –

उत्तर = **मूल भाव** - हमें कभी भी जीवन में हार नहीं मानना चाहिए। अपने मजबूत मनोबल के साथ निरंतर आगे बढ़ते रहना चाहिए क्योंकि चलते रहना जीवन का नाम है। इसके लिए मीठी वाणी बोलना , एक साथ मिल –जुल कर रहना तया समय का सही उपयोग करना चाहिए।

भाषा – ज्ञान

१. निम्नलिखित वाक्यों को पहचानकर उनके भेद लिखिए –

२. (क) गिरकर उठो और उठकर बैठो — संयुक्त वाक्य

३. (ख) यह काम हम कर सकते हैं — सरल वावय

४. (ग) चींटी चलती रहती है, फिर भी थकती नहीं — मिश्र वाक्य

५. (घ) रात में जल्दी सोओ और सुबह जल्दी उठो — संयुक्त वाक्य

६. (ङ) कोई काम कठिन न मानों — सरल वाक्य

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

२. निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार परिवर्तित कर लिखिए –

(क) चींटी चलती रहती है। (मिश्र वाक्य)

उत्तर = चींटी है , जो चलती रहती है।

(ख) अपना काम कर लो और खाना खा लो। (सरल वाक्य)

उत्तर = अपना काम पूरा करके खाना खा लो।

(ग) हमें मिल - जुल कर पढ़ना है। (संयुक्त वाक्य)

उत्तर = हमें मिल-जुल कर रहना है और पढ़ना है।

३. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए –

उत्तर = (क) **काम** - हमें समय पर अपना काम करना चाहिए।

(ख) **दौड़** - मैंने आज दौड़कर बस पकड़ी।

(ग) **मीठ** - महेश बहुत मीठा बोलता है।

(घ) **सुबह** - हम सभी को सुबह उठना चाहिए।

(ङ) **पढ़ना** - मुझे कहानी पढ़ना अच्छा लगता है।

गृहकार्य - प्रश्नोत्तर को कॉपी में लिखकर पढ़ना।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

THANKING YOU

ODM EDUCATIONAL GROUP